

पुलिस द्वारा बैंक अधिकारियों के साथ बैठक लेकर बनाई रणनीति

# बैंकों की सुरक्षा को लेकर पुलिस मुस्तैद



**नव भारत न्यूज**
**पांढुरना,21 अप्रैल. बैंकों की सुरक्षा को लेकर जिला पुलिस अधीक्षक सुन्दर सिंह कनेश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार सोनी के निर्देशन में तथा एसडीओपी सौंसर / पांढुर्णा के मार्गदर्शन में आज जिले के सभी थाना प्रभारी द्वारा अपने अपने थाना क्षेत्र में संचालित समस्त बैंकों के प्रबंधकों की बैठक आयोजित की गई।**

## बैंक सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे

इस बैठक में बैंक सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से से विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। एसडीओपी पांढुर्णा द्वारा बैंक प्रबंधकों को निर्देशित किया गया कि सभी बैंकों में सुरक्षा व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए।

## संदिग्ध गतिविधि की पुलिस को दे त्वरित सूचना

इसके साथ ही बैंक परिसरों में संदिग्ध गतिविधियों पर सतर्क दृष्टि रखने एवं किसी भी आपात स्थिति में तत्काल पुलिस को सूचना देने हेतु भी निर्देशित किया गया। बैंक स्टाफ एवं सुरक्षा कर्मियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर विशेष जोर दिया गया।

## आपात स्थिति में निपटने मॉक ड्रिल मे देंगे प्रशिक्षण

एसडीओपी द्वारा यह भी बताया गया कि बैंक सुरक्षा को और अधिक मजबूत बनाने के लिए समय-समय पर मॉक ड्रिल आयोजित की जाएगी, जिससे आपात स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके बैठक में अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) पांढुर्णा ब्रजेश भार्गव अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) सौंसर श्रीमति प्रियंका पांडे, थाना प्रभारी पांढुर्णा निरी. अमित कुमार दानी, मोहगांव थाना प्रभारी अजय मरकाम,सौसर थाना प्रभारी रूपलाल उइके, लोधीखेडा थाना प्रभारी श्री ए .बी मरकाम द्वारा अपने अपने थाना क्षत्रों के बैंक अधिकारियों के साथ बैठक कर सुरक्षा की रणनीति बनाई गई ।

## सुरक्षा के उपकरणों लगाने में ना बरतें कौताही

सभी बैंक गार्ड की अनिवार्य उपस्थिति, इमरजेंसी अलार्म सिस्टम की कार्यशीलता, फायर सेफ्टी उपकरणों की उपलब्धता एवं नियमित जांच तथा सीसीटीवी कैमरों के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# जनपद पंचायत सौंसर ने रचा कीर्तिमान, सीएम हेल्पलाइन में 'A' ग्रेड के साथ 83.97 प्रतिशत स्कोर

## टीम वर्क और कुशल नेतृत्व से जिले में अव्वल बना सौसर जनपद





**नवभारत न्यूज़**
**सौंसर 21 अप्रैल जनसेवा और जनसमस्याओं के त्वरित निराकरण की दिशा में जनपद पंचायत सौसर ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। हाल ही में जारी सीएम हेल्पलाइन ग्रेडिंग में सौसर जनपद ने शानदार 83.97 प्रतिशत स्कोर के साथ A ग्रेड प्राप्त कर जिले में अपना लोहा मनवाया है।**

सीईओ प्रियंक मिश्रा के कुशल मार्गदर्शन और सख्त मॉनिटरिंग ने कार्यप्रणाली को चुस्त-दुरुस्त बनाया। बीपीओ सुभाष ठाकरे जिन्होंने तकनीकी और प्रशासनिक तालमेल को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शुभम उइके (ADEO शाखा प्रभारी, सीएम हेल्पलाइन) जिनकी शिकायतों के समयबद्ध निराकरण और जमीनी स्तर पर फीडबैक की निगरानी ने इस स्कोर को मुमकिन बनाया।

### क्या मायने रखता है 'A' ग्रेड?

सीएम हेल्पलाइन में 'A' ग्रेड प्राप्त करना यह दर्शाता है कि जनपद पंचायत सौसर न केवल ग्रामीणों की समस्याओं को सुन रही है, बल्कि उनका संतुष्टिपूर्ण समाधान भी सुनिश्चित कर रही है। 83.97 प्रतिशत का स्कोर टीम की कार्यकुशलता और शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने की प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

### इनका कहना है...

इस उपलब्धि पर प्रतिक्रिया देते हुए सीईओ प्रियंक मिश्रा ने कहा यह सफलता पूरी टीम के समर्पण का परिणाम है। हमारा लक्ष्य भविष्य में भी इसी निरंतरता को बनाए रखना और जनता की सेवा में सदैव तत्पर रहना है।

# 48 आवेदनों पर हुई सुनवाई त्वरित निराकरण के दिए निर्देश

**नव भारत न्यूज**
**पांढुरना,21 अप्रैल.** राज्य शासन द्वारा संचालित साप्ताहिक जनसुनवाई के अंतर्गत प्रत्येक मंगलवार को आम नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए सुनवाई की जाती है। इसी क्रम में आज कलेक्टर कार्यालय पांढुर्णा के सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में अपर कलेक्टर नीलमणि अग्निहोत्री ने 48 आवेदकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके त्वरित निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए ।जनसुनवाई में जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों सहित दूरस्थ अंचलों से आए नागरिकों ने विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए आवेदन प्रस्तुत किए। प्राप्त आवेदनों में प्रमुख रूप से भूमि सीमांकन, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, भू-अधिकार पट्टा उपलब्ध कराने, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने, जाति प्रमाण पत्र जारी करने, मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना का लाभ दिलाने तथा खसरा-नक्शा दुरुस्ती से संबंधित प्रकरण शामिल रहे।

# खेमराज श्रीबंधु द्वारा नि :शुल्क वितरित किए जलपात्र



**नव भारत न्यूज**
**रामकोना,21 अप्रैल. चिलचिलाती धूप मे नन्हें नन्हें परिंदो की सुरक्षा एवं सेवा के पावन उद्देश्य से प्रति वर्षा नुसार इस वर्ष भी राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त सेवानिवृत्त शिक्षक एवं साहित्यकार खेमराज श्रीबंधु द्वारा ग्राम पंचायत रामकोना की पंच श्रीमती अर्चना भोयर की उपस्थिति मे नि:शुल्क जल पात्र का वितरण किया गया.**

सभी से अनुरोध किया गया कि भीषण गर्मी मे अन्न एवं जल के अभाव में अधिकांश परिंदे काल के गाल में समा जाते है या अन्यत्र पलायन कर जाते है. इस स्थिति में हमारा कर्तव्य बनता है कि हम हम छाया में स्वच्छ जल रखकर, अनाज के दाने रखे जिससे उनकी सुरक्षा एवं सेवा का कार्य होकर पुण्य लाभ अर्जित करें एवं इससे प्राकृतिक संतुलन बनाने में सहयोग प्रदान करें. इस अवसर पर राजू चौधरी, अरुण पोपटे, मुकेश खारकर, सूरज भोयर, विनोद भांगे, एवं गुणवंत हिवरकर का सहयोग एवं उपस्थिति सराहनीय रही.

# कन्या किशोर कौशल अभिवर्धन अभियान शिविर



**नवभारत न्यूज़**
**सौंसर 21 अप्रैल.शास. उच्च. माध्य. विद्यालय बेरडी संकुल में कन्या किशोर कौशल अभिवर्धन अभियान के अंतर्गत गायत्री परिवार के प्रशिक्षक श्रीमती ज्ञानेश्वरी बिसेन, किशोर किनकर ने मोटिवेशनल मार्गदर्शन देकर छात्र छात्राओं को जीवन प्रबंधन, तनाव से मुक्त कैसे रहे.**

सोशल मीडिया से बचाव, लक्ष्य का निर्धारण, व्यसनों से दूर कैसे रहे, मित्र बनाए पर सोच समझकर आदि विषयों पर प्रेरक मार्गदर्शन दिया। शॉर्ट टाइम शिविर 95 कन्याएं और 25 किशोर सम्मिलित रहे ।शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में महाविद्यालय, विद्यालय स्तर पर सतत क्रम चलता है। संस्था प्राचार्य आद. व्ही.डि, मर्सकोले ने गायत्री परिवार का हृदय से आभार व्यक्त किया प्राचार्य ने अपने उदगार में छात्र छात्राओं को ऐसे स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा प्रेरक मार्गदर्शन दिया जाना नि:संदेह प्रशंसनीय है। कार्यक्रम का सफल संचालन संस्था के वरिष्ठ शिक्षक सुनील काकडे ने किया साथ संस्था की प्रावीण्यता प्राप्त बेटियों का गायत्री परिवार के आतिथ्य में स्वागत सत्कार किया गया। इस अवसर पर श्रीमती रंजना भूमर श्री रूंधे , मिलिंद कालबाडे, डोंगरे मैडम, आदि उपस्थित रहे।

## नवांकुर संस्था द्वारा दिलाई गई जल संरक्षण की शपथ, सामूहिक प्रयासों पर दिया जोर

**पांढुर्णा .** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत सेक्टर क्रमांक 1, ग्राम पंचायत पंढरी में सामाजिक नवांकुर संस्था युथ ऑफ सौसर एसोसिएशन द्वारा जल संरक्षण को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई एवं जल बचाने का संदेश दिया गया ।कार्यक्रम म.प्र. जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन के मार्गदर्शन एवं विकासखंड समन्वयक अनिल बोबड़े के नेतृत्व में आयोजित हुआ। नवांकुर संस्था यूथ ऑफ सौसर एसोसिएशन के अध्यक्ष योगेश सोमकुवर, सचिव गोपाल कोठे एवं परामर्शदाता सुनील डोंगरे की उपस्थिति में ग्राम पंचायत पंढरी में स्वच्छता एवं जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई ।परामर्शदाता सुनील डोंगरे ने जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एक-एक बूंद का संग्रहण ही भविष्य में जल संकट से बचाने का आधार है। भूमि को जल से समृद्ध बनाने के लिए जल संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि जल गंगा संवर्धन अभियान को स्वप्रेरणा एवं सामूहिक प्रयासों से निरंतर आगे बढ़ाया जाएगा।

# जनगणना 2027 प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन, वरिष्ठ अधिकारियों ने किया निरीक्षण



**नवभारत न्यूज़**
**लोधीखेड़ा 21 अप्रैल. नगर परिषद् लोधीखेड़ा में 19 अप्रैल 2026 से 21 अप्रैल तक आयोजित तीन दिवसीय जनगणना प्रशिक्षण कार्यक्रम का आज समापन हो गया। कार्यक्रम के अंतिम दिन वरिष्ठ मास्टर ट्रेनर नरेन्द्र बाम्बल एवं जिला जनगणना प्रभारी कैलाश साहू द्वारा प्रशिक्षण का निरीक्षण किया गया।**

प्रशिक्षक मास्टर ट्रेनर गणेश परतेती एवं सोहन सिंह धुर्वे ने प्रशिक्षण दिया। निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रशिक्षण की गुणवत्ता का अवलोकन किया तथा आवश्यक सुझाव एवं दिशा-निर्देश दिए। साथ ही प्रशिक्षण में उपस्थित प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का मौके पर ही समाधान किया गया। अधिकारियों ने प्रशिक्षण को प्रभावी एवं उपयोगी बताते हुए सभी प्रतिभागियों को जनगणना जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य को पूरी निष्ठा एवं जिम्मेदारीपूर्वक संपन्न करने हेतु प्रेरित किया।

# 23 अप्रैल को जनहित के मुद्दों को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी करेगी धरना प्रदर्शन

**नवभारत न्यूज़**
**सौंसर 21 अप्रैल. ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सौसर के द्वारा किसानों एवं आम जनता से जुड़ी ज्वलंत समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर आगामी 23 अप्रैल को सुबह 11 बजे तहसील कार्यालय सौसर के समक्ष धरना आंदोलन किया जाएगा।**

ब्लाक कॉंग्रेस कमेटी अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र येमदे ने बताया की, किसानों की फसलों को एमएसपी पर उपज की खरीदी में आ रही दिक्कतों का समाधान ,रसायनिक खाद की कमी को दूर करना ,गैस सिलेंडर वितरणमें अनियमितता की समस्या ,सेवा सहकारी समिति से ऋण वितरण का सरलीकरण, अन्य महत्वपूर्ण जनहित के मुद्दों का शीघ्र निराकरण करने को लेकर एक दिवसीय धरना दिया जाएगा। आंदोलन में जिला पांढुर्णा प्रभारी गंगा प्रसाद तिवारी,जिला पांढुर्णा अध्यक्ष जतन उइके,विधायक विजय चौरे,विधानसभा प्रभारी प्रीतम पटेल एवं जिला समन्वयक भागवत महाजन प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे।

## अनियंत्रित कार सडक़ किनारे खाई में जा पलटी,सात घायल,तीन नागपुर रेफर



**पांढुरना,21अप्रैल .**ग्राम लांघा के पास एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सडक़ किनारे खाई में जा गिरी इस दुर्घटना में बैतूल जिले के आठनेर में रहने वाले सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए,जिन्हें जन सहयोग से नगर मुख्यालय के स्वास्थ्य केंद्र पहुंचा जहां उपचार के दौरान इनमें से तीन गंभीर को प्राथमिक उपचार के बाद नागपुर रेफर किया गया है,जिनकी हालत चिंताजनक बताई जा रहीं है ।ग्रामीण सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार बैतूल जिले के आठनेर में रहने वाले चार लोग एक कार से ग्राम सिवनी के पास स्थित ग्राम लांघा के एक रिश्तेदार के यहां शादी समारोह में शामिल होने के बाद वापस गांव लौट रहें थे,इसी दौरान यह तेज रफ्तार कर अनियंत्रित होकर सडक़ किनारे खाई में जा पलट गई,जिससे इसमें सवार सात लोग घायल हो गए,यह देख आसपास के खेतों में काम करने वाले किसानों तथा राहगिरों ने इन घायलों को दुर्घटनाग्रस्त कार से सुरक्षित निकालते हुए पांढुरना नगर जिला मुख्यालय के स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां उपचार के दौरान इनमें से तीन की हालत अधिक गंभीर होने पर इन्हें प्राथमिक उपचार के बाद नागपुर रेफर किया गया है जिनमें मंदा डोंगरे,अंजली डोंगरे,काजल खरे का समावेश है,वहीं अन्य का नगर के स्वास्थ्य केंद्र में उपचार किया जा रहा है।

पीयूष सातपुते ने 99 .30 और हर्ष हिंग्वे ने 99 .02 प्रतिशत लाकर पांढुर्ना जिले में किया टॉप

# मिडास कोचिंग सौंसर ने फिर रचा इतिहास, जेईई मेंस 2026 में लहराया परचम

**नवभारत न्यूज़**
**सौंसर 21 अप्रैल.मिडास है तो भरोसा है.... इस टैगलाइन को एक बार फिर सच साबित करते हुए मिडास कोचिंग संस्था सौंसर ने जेईई मेंस जनवरी 2026 के परिणाम में इतिहास रच दिया।**

एनटीए द्वारा हाल ही में घोषित जेईई मेंस जनवरी 2026 की परीक्षा में मिडास के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया। खैरी तायगाँव सौंसर निवासी जगन्नाथ सातपुते के पुत्र पीयूष सातपुते ने 99.30 प्रतिशत और सौंसर निवासी मनोहर हिंगवे के पुत्र हर्ष हिंगवे ने 99.02 प्रतिशत हासिल कर पूरे पांढुर्ना जिले में टॉप किया। वहीं मोहगांव निवासी श्रेष्ठ सुबोध महेश्वरी ने 98.36 प्रतिशत लाकर कोचिंग में तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसी तरह13 छात्रों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए।36 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए । कई छात्रों ने जेईई एडवांस की परीक्षा के लिए क्वालीफाई किया .



### संचालकों ने बताया सफलता का राज

कोचिंग संचालक विकास कुमार सिंह एवं किशन कुमार सिंह ने बताया कि बच्चे बिना मोबाइल के मिडास संस्था से जुड़कर और यहां के अनुशासित वातावरण में दिन-रात मेहनत कर सही मार्गदर्शन से यह परिणाम दे पाए हैं। उन्होंने कहा, _"मिडास के सभी शिक्षक बहुत ही अनुभवी हैं और आईआईटी, एनआईटी से उच्च शिक्षा प्राप्त हैं। इसीलिए हर साल बच्चे बाहर से भी सौंसर आकर मिडास पर भरोसा रख अपने सपनों को नई उड़ान दे रहे हैं।

### ऑनलाइन VS ऑफलाइन पर दी बड़ी नसीहत

श्री सिंह ने कहा कि आज कई बच्चे मोबाइल से पढ़कर शॉर्टकट तरीका अपनाते हैं। बड़ी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी ऑनलाइन या मोबाइल से कर परिणाम देना बहुत मुश्किल है। मोबाइल पर ज्यादा समय देने से बच्चे चिड़चिड़े हो जाते हैं और अकेलापन महसूस करने लगते हैं। मेहनत तो करते हैं पर सही मार्गदर्शन न मिलने से भटक जाते हैं। इसीलिए ऑफलाइन कोचिंग से ही हमारे मिडास के सभी बच्चों का ज्यादा बेहतर रिजल्ट हमेशा मिला है और आगे भी मिलता रहेगा। मिडास कोचिंग के इस शानदार प्रदर्शन से पूरे सौंसर-पांढुर्ना क्षेत्र में खुशी का माहौल है। छात्रों ने अपने माता-पिता के साथ-साथ संस्था और जिले का नाम रोशन किया है।

## धावड़ीखापा में दीवार लेखन के माध्यम से जल संरक्षण का दिया संदेश

**पांढुरना.** मध्यप्रदेश शासन के महत्वपूर्ण जल गंगा संवर्धन अभियान के द्वितीय चरण (जल स्त्रोत सेवा समागम जागरण) के तहत जल संरक्षण को लेकर जागरूकता गतिविधियाँ तेज कर दी गई हैं। इसी कड़ी में जिला कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ, जिला समन्वयक अखिलेश जैन और विकासखंड समन्वयक दिलीप आठनेरे के कुशल निर्देशन में ग्राम धावड़ीखापा में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया ।इस अभियान के अंतर्गत नवांकुर संस्था अवध विद्यापीठ शिक्षण समिति द्वारा गांव में दीवार लेखन का कार्य शुरू किया गया है। सी.एम.सी.एल.डी.पी. पाठ्यक्रम के विद्यार्थी शिवानी इवानती और वासुदेव मानकर ने अपनी कला के माध्यम से दीवारों पर जल संरक्षण के प्रेरक संदेश उकेरे, ताकि ग्रामीण जल की महत्ता को गहराई से समझ सकें।


खंड - I

## ई-निविदा आमंत्रण सूचना

**मध्य प्रदेश शासन कार्यालय पश्चिम छिंदवाडा वनमण्डल छिंदवाड़ा मध्य प्रदेश**

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना** **संख्या 10/ई-टेंडरिंग/2025-27 दिनांक**

1. वनमण्डलाधिकारी पश्चिम छिंदवाड़ा वनमंडल छिंदवाड़ा द्वारा म.प्र. भण्डार क्रय नियम एवं सेवा उपार्जन नियम, 2015 (यथा संशोधित-2022) के अन्तर्गत निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| Items | Technical Specification Details |
|---|---|
| (1) Galvanised Steel Chain Link Fence | Mesh Wire Galvanised Steel wire of 3.15 mm diameter<br>Fabric Size-75x75 mm<br>Height-150 cm<br>Line Wire-2 numbers of line wires of 4.00 mm diameter<br>Standard Conforming to IS-2721-2003, with up to date amendments |

निविदा दस्तावेज़ से संबंधित सभी विवरण ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर नि:शुल्क देखे और डाउनलोड किए जा सकते हैं। इच्छुक निविदाकार क्रेडिट/डेबिट/कैश कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से पोर्टल शुल्क का ऑनलाइन भुगतान करने के बाद निविदा दस्तावेज को ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर दिनांक 29.04.2026 Time 01.00PM से दिनांक 23.05.2026 Time 01.00 PM तक केवल ऑनलाइन खरीद सकते है।
ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर महत्त्वपूर्ण तिथियों के रूप में उल्लिखित निविदा प्रक्रिया तिथियां लागू होंगी।
**ई-निविदा आमंत्रण सूचना** में शुद्धिपत्र/परिशिष्ट, यदि कोई हो केवल पोर्टल पर प्रकाशित किया जाएगा, समाचार पत्रों में नहीं।
ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल: https://www.mptenders.gov.in/

**वनमंडलाधिकारी**
**पश्चिम छिंदवाडा वनमंडल**

G-11853/26